तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

18 गुण्डरदेही में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के ...

16 रिसाली निगम का पहला सफाई टेंडर फेल...




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# बालोद में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी) के शुभारंभ अवसर पर 02 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन

**ग्रामीण परिवारों को अब 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार, मजदूरी बढ़कर 300 रुपये प्रतिदिन**




लाल साहू, एथेलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने वीबी जी राम जी योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसरों का विस्तार करने तथा गांवों के समग्र विकास को गति देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी–जी राम जी) विकसित भारत–2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण ▶▶|शेष पेज 17 पर

## खबर संक्षेप

### कलंगपुर पंचायत में सचिव नदारद, ग्रामीणों को करना पड़ा इंतजार



**बालोद**। विकासखण्ड गुण्डरदेही में पंचायत सचिवो की मनमानी ग्रामीणो के लिए परेशानी का कारण बन रही है। पंचायत सचिवो का समय पर नही आना, समय से पहले चले जाना आम बात है। अब तो सचिव बिना सूचना के दिन भर लापता रहते है। ग्रामीण दिन भर भटकते रहते है। मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलंगपुर का है। यहां पदस्थ सचिव अमृत डहरे मुख्यालय में नही रहते। लगभग 50 किलोमीटर दूर रिसाली भिलाई से आना जाना करते है। गुरूवार को पंचायत सचिव अमृत डहरे दिन भर पंचायत नही पहुंचे। उनका मोबाईल बंद था। सचिव की अनुपस्थिति से ग्रामीणो को भटकते देखा गया। सरपंच कलंगपुर पुष्पा गोंविंद सिन्हा ने कहा उनके अवकाश में जाने की जानकारी नही है। सचिव कहा है मुझे नही मालूम। सचिव अमृत डहरे रिसाली भिलाई से आना जाना करते है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुण्डरदेही उमेश रात्रे ने कहा सचिव अमृत डहरे के गुरूवार को अवकाश में रहने की जानकारी नही है। अवकाश का कोई आवेदन नही मिला है। यदि सचिव अनुपस्थित है तो मामले में जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कमरे में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**बालोद**। घर के कमरे में फांसी के फंदे में महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला है। जिसके बाद परिजनो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रमतरा निवासी यशोदा साहू 32 वर्श व उसके पति व अन्य सदस्य खाना खाकर सो गए। पति बाहर बरामदे में सोया हुआ था तथा महिला अंदर सोई हुई थी। जहां सुबह सभी के उठने पर परिजनो ने देखा कि महिला अपने कमरे के सिलिंग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद परिजनो ने इसकी जानकारी ग्रामीणो के साथ पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस के पहुचने के ▶▶|शेष पेज 11 पर

**परेशानी : 19 ग्राम पंचायतों के लिए 1.44 करोड़ की खरीदी पर उठाए सवाल**

# ई-रिक्शा खरीदी में अनियमितता का आरोप जिपं सदस्यों ने कलेक्टर से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पंचायतो के अधिकार का हनन करते हुए जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा द्वारा स्वयं कार्य एंजेसी बनकर एक करोड़ 44 लाख रूपये की 19 ग्रामो में ई रिक्शा खरीदने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सदस्यों ने इसकी शिकायत से कलेक्टर से की है।

■ पंचायतों के अधिकारों के हनन का लगाया आरोप

जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन चन्द्राकर तथा जिला पंचायत सदस्य नीलिमा ने जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के उपर उपरोक्त आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी न बनाकर स्वयं कार्य एजेंसी बनकर ई रिक्शा खरीदा गया है। इसमें वित्तीय अनियमितता, शासन राशि के दुरुपयोग एवं नियमों के उल्लंघन की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग कलेक्टर से की है। इसमे कई सरपंचो के भी हस्ताक्षर है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पंचायत डौंडी लोहारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिला खनिज न्यास संस्थान मद से 19 ग्राम पंचायतों हेतु कूड़ा एकत्रीकरण, परिवहन एवं निपटान संबंधी कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उपलब्ध स्वीकृति आदेशों एवं अभिलेखों के अवलोकन से इस संपूर्ण प्रकरण में गभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की आशका प्रतीत होती है। उक्त कार्यों का क्रियान्वयन सामान्यतः संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाना था, आरोप है कि जनपद पंचायत डौंडी लोहारा ने स्वयं को कार्य एजेंसी घोषित कर लिया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए कूड़ा एकत्रीकरण एवं परिवहन हेतु वाहन क्रय के लिए प्रत्येक वाहन 7.50,000 की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि सबंधित वाहन की वास्तविक बाजार कीमत लगभग दो लाख के आस पास है।


**वैधानिक कार्रवाई की जाए**
शासन की राशि की सुरक्षा, ग्राम पंचायतों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा, वित्तीय पारदर्शिता एवं सुशासन की भावना को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रकरण की निष्पक्ष, समयबद्ध एवं उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए।

शिकायत पत्र मे कहा गया है कि इसकी उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की जाए। जिसमे यह जांच की जाए कि संबधित कार्योंर् में ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी क्यों नहीं बनाया गया तथा जनपद पंचायत डैण्डीलोहारा ने स्वयं को किस वैधानिक प्रावधान, शासन आदेश अथवा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के आधार पर कार्य एजेंसी बनाया है। वाहन खरीदी हेत स्वीकृत राशि एवं संबंधित वाहन की वास्तविक बाजार कीमत का स्वतंत्र तकनीकी एवं वित्तीय मूल्याकन कराया जाए। वाहन खरीदी से संबंधित निविदा प्रक्रिया कोटेशन, दर स्वीकृति आपूर्ति आदेश, बिल, भूकतान गुणवत्ता तथा समस्त अभिलेखों की विस्तृत जांच कराई जाए। संपूर्ण प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय समिति अथवा सक्षम जाच एजेंसी से कराई जाए। जांच में यदि ▶▶|शेष पेज 17 पर

# पांच लाख की चोरी, रकम वापस करने का वादा कर मुकर गई आरोपी महिला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परिचित के घर चोरी कर रकम वापस करने का दावा कर मुकर कर फरार आरोपि को पुलिस ने गिरफ्तार किया। नाबालिक बालक ने कुल 5,00,000 रू नगद चोरी कर अपनी मां को रकम दिये थे।

थाना बालोद के धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत दर्ज मामले मे वार्ड क्र. 06 पाण्डेपारा बालोद निवासी प्रार्थी नितेश कुमार साहू पिता स्व. दिपक साहू 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 01 नवंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के मध्य प्रार्थी की मां मीना साहू के कमरे में रखे आलमारी से नगदी 5,00,000 रूपये चोरी हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेचना दौरान पूर्व में विधि से संघर्षरत बालक से पुछने पर बताया कि प्रार्थी के कमरे में रखे आलमारी से चोरी किये रूपये को इनकी मां ममता साहू द्वारा 4,00,000 रूपये वापस करने का वादा किया है, किंतु मुकर गयी है। प्रकरण में विधि से संघर्षरत बालक द्वारा चोरी किये रूपयें मे से 3,60,000 रूपयें को अपनी मां ममता साहू को देना बताने पर


■ नाबालिग ने चोरी की रकम मां को दिया था

आरोपी ममता साहू को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया, जिन्होने बताया कि इनके पुत्र द्वारा अपनी बड़ी मां मीना साहू के घर से चोरी कियें रूपयें मे से 3,60,000 रूपयें मिला था, जिसे घरेलू कार्यो एवं विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पार्टी करने तथा प्रकरण में बालक की जमानत पर खर्च करना बतायें।

चोरी कियें रूपयें को बेईमानी पूर्वक रखना पायें जाने से आरोपी ममता साहू के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से 01 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# साजिश रचकर चाकू की नोंक पर लूट करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

योजना बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया। झलमला रानीमाई तालगांव रोड पर प्रार्थी से आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाूक दिखाकर डराकर 4,500 रू एवं स्मार्ट फोन लूटे थे।

28 जून को वार्ड क्र. 07 कोरर, थाना कोरर जिला कांकेर निवासी प्रार्थी रामेश्वर साहू 27 वर्ष से झलमला रानीमाई तालगांव रोड मे प्रसाधन कर वापस मोटर सायकल के पास आया 14 जून को प्रातः 04 बजे मोटर साइकिल में सवार 04 लड़को ने चाकू को मेरे गले के पास टीका कर जान से मारने की धमकी देकर पैंट के जेब में रखे 4500 रूपए एवं स्मार्ट फोन मोबाईल को लूटकर भाग गए थे। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 309(6) अपराध पंजीबद्ध


■ चाकू दिखाकर छीने थे नकदी और मोबाइल

कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुऐ थाना स्तर पर तत्काल टीम तैयार किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबिर लगाकर आरोपियां का पता तलाश किया जा रहा था कि वार्ड क्र. 21, राजहरा थाना राजहरा निवासी आरोपी सचिन सिंह राजपूत पिता महेम्बर सिंह मिलने पर पुछताछ किया जो गोल मोल जवाब दे रहा था, अततः टूटकर बताया कि 13 जून 2026 को रात्रि 11 बजे इनका दोस्त मोटर साइकिल लेकर आया और चिखलाकसा चलना है बोला, उनके मोटर सायकल के पीछे बैठ कर चिखलाकसा तालाब के पास पहुंचे तो वहां पर दो और दोस्त बैठे थें, जिसके साथ योजना बनाए कि चलो किसी व्यक्ति को लूटेंगे, चारो 01 मोटर साइकिल में बैठकर रात्रि में दल्लीराजहरा से घूमते हुए बालोद आए। बालोद से झलमला रानीमाई तालगांव रोड तरफ जा रहे थे कि 14 जून को सुबह 04 बजे 01 मोटर साइकिल दिखा जो रानीमाई तालगांव रोड तरफ जा रहा था, कुछ दूरी पर वह अपने मोटर साइकिल को खड़ा कर रूका जिसे देखकर हम चारो उनके पास पहुंचे और इनका दोस्त डंडा को उठाकर उनके पीठ पर ▶▶|शेष पेज 17 पर

# चमत्कार या नशे का 'होश': जिसे पुलिस और ग्रामीण समझ रहे थे मृत, बाहर निकालते ही वह उठ खड़ा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तालाब में नहाने गया युवक घंटो देर बाद भी घर नही लौटा, जहां ग्रामीणो ने युवक को तालाब में अचेत अवस्था में तैरता देख युवक को मृत समझ पुलिस को जानकारी दी ले कि न पुलिस द्वारा युवक को तालाब से निकालने पर युवक उठ खड़ा हो गया।

■ घंटों तक पानी में बेसुध तैरता रहा युवक, अस्पताल में जांच के बाद मिला स्वस्थ

गुण्डरदेही नगर से हैरत अंगेज मामला सामने आया है, जिसमे मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर के वार्ड क्रमांक 03 में भोला ठाकुर का बेटा सूरज ठाकुर दोपहर को वार्ड क्रमांक 03 स्थित रामसागर तालाब नहाने के लिए गया हुआ था। जहां दोपहर को नहाने गया युवक काफी देर तक वापस घर नही आया, इसी दौरान तालाब में नहाने गए अन्य ग्रामीणो ने युवक को तालाब में तैरते देखा, जहां इसकी जानकारी ग्रामीणो ने परिजनो को दी, जिसके बाद मौके पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे स्थिति देख इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक को मृत समझकर तैराको के माध्यम से जैसे ही युवक को तालाब से बाहर निकाला गया युवक उठ खड़ा हो गया।

**पुलिस ने निकाला बाहर, तो मच गया हड़कंप**




जिसे देख मौके पर मौजूद ग्रामीण व परिजनों के साथ पुलिस बल हैरत में पड़ गए। जिसके बाद परिजन व पुलिस युवक को तुरंत अस्पताल ले गए। जहां युवक की जांच की गई तथा युवक से पूछताछ की गई। जिसमें युवक स्वस्थ पाया गया।

वही मिली जानकारी के अनुसार युवक शराब के नशे में नहाने गया हुआ था, जहां नहाने के दौरान वह अत्याधिक नशे में नहाते हुए तैरता रहा तथा नहाने के दौरान युवक ने अपना होश खो दिया तथा वह लंबे समय तक तालाब में बेसुध तैरता रहा। तैरने के दौरान युवक का पूरा शरीर तालाब में डूबा हुआ था तथा युवक के चेहरे का सिर्फ नाक व आंख ही बाहर थे। माना जा रहा है कि इसी कारण युवक बच गया।

वही युवक के तालाब में डूबकर मरने की खबर सुनकर पुरा मोहल्ला तालाब किनारे जुट गया था, अचानक युवक के उठ खड़े होने से परिजनो व ग्रामीणो में आसंमजस्य की स्थिति के साथ खुशी के पल भी नजर आए।

शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
NAAC A
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

# गरीबों का आशियाना उजाड़कर नहीं चाहिए विधायक आवासः संगीता सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गरीबो के आशियानो को उजाड़कर विधायको का आवास बनाने पर विधायक संगीता सिन्हा ने विधायक आवास लेने से इंकार करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

संगीता सिन्हा ने कहा गरीब परिवारो के घरो को उजाड़कर विधायको के लिए कॉलोनी बनाने के प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रयास का संगीता सिन्हा ने विरोध किया है एवं गरीबो के मकान को उजाड़ने के स्थान पर अन्य खाली स्थान में विधायक कॉलोनी बनाने की मांग की है।

नया रायपुर में विधायक कॉलोनी हेतु आबंटित स्थल ग्राम पंचायत नकटी को परिवर्तित कर अन्यत्र स्थल नवा रायपुर पर आबंटित करने की मांग करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है।


■ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नकटी की जगह अन्य स्थान पर विधायक कॉलोनी बनाने की मांग

अध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस एवं विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने मांग करते हुए कहा है कि नवनिर्वाचित एवं पूर्व विधायक कॉलोनी के लिए स्थल आबंटन शासन द्वारा वर्तमान में ग्राम पंचायत नकटी में स्थल का आबंटन किया गया है उक्त आबंटित स्थल के संबंध में क्षेत्र के निवासरत लोग, आम जनमानस तथा जनप्रतिनिधियो द्वारा विधायक कॉलोनी निर्माण का विरोध व्यापक रूप से किया जा रहा है। लोगो के लगातार विरोध के बावजूद भी प्रशासन द्वारा ग्रामीणो को विश्वास में लिए बिना ही उनके भूमि को जबरन बल पूर्वक खाली कराया जा रहा है। जिससे व्यक्तिगत रूप से मै काफी आहत हू। इसलिए सैकड़ो ग्रामीणो का आशियाना उजाड़ कर बने आवासीय विधायक कॉलोनी में रहना मैं उचित नही समझती हूं। इसलिए ▶▶|शेष पेज 17 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक हरिश्चंद्र साहू को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसौंदा के प्रधान पाठक हरिश्चन्द्र साहू को सेवानिवृत होने पर शाला परिवार के द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम मे संकुल प्राचार्य राहुद एमके. साहू, स्कुल समिति के समस्त पदाधिकारी, शिक्षक स्टॉफ, छात्र छात्रएं सम्मिलित हुए जहां सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक साहू के स्वस्थ सुखी जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की। विभिन्न वक्ताओं ने सम्बोधन मे कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नही होता, वह जीवन भर ज्ञान बांटता है। कार्यक्रम मे शिक्षक टीआर. चंद्राकर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सहकारी सप्ताह के तहत कलंगपुर में कल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बालोद/कलंगपुर।** सहकारिता मंत्रलय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह के रूप में किया जा रहा। जिसके तहत 4 जुलाई शनिवार सुबह 10 बजे से पैक्स द्वारा संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित कलंगपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराये जाने चिरायु टीम के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही शिविर में जांच पश्चात दवाई भी वितरण किया जायेगा।

### भाजपा शक्ति केंद्र चारभांठा की मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण दिया जोर

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिकोसा अंतर्गत शक्ति केंद्र चारभांठा की मासिक बैठक उत्साह एवं संगठनात्मक वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी, प्रत्येक बूथ को सक्रिय एवं सशक्त बनाने तथा पार्टी की रीति–नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचानकेके संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से नियमित जनसंपर्क, सेवा, समर्पण एवं संगठन विस्तार के संकल्प के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में रिकेश साहू प्रभारी, शक्तिकेंद्र, लेखराम साहू, पोषण सोनवर्षा, कमल कुमार साहू सह संयोजक, खोमन साहू, झग्गर साहू, गीतेश्वरी साहू, प्यारेलाल साहू, हेमशंकर चंद्राकर, सांवत राम साहू, देवधर साहू, नरोत्तम साहू, भाव सिंह साहू, शत्रुघ्न साहू, डालेश्वर साहू, रेखराम साहू, छन्नू लाल साहू, हेमंत साहू सहित शक्ति केंद्र के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन सर्वोपरि राष्ट्र सर्वोपरि के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, प्रत्येक बूथ को विजय का आधार बनाने तथा राष्ट्रहित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने के संकल्प के साथ भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ हुआ।

छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल, विद्यार्थियों को वितरित की गई पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश

# गुण्डरदेही में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ संपन्न, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुण्डरदेही के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन थे। एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद हेमंत सोनकर, सेजेस अध्यक्ष लालवीर राजपूत, जगतूराम देशमुख, मोती ठाकुर, ममता निषाद, राजेश्वरी सोनकर सदस्य, सहित नागरिक, पालक, शिक्षक–शिक्षिकाएं व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती, प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। सेजेस प्राचार्य त्रिनाभ मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों एवं आवश्यकताओं से संबंधित मांग–पत्र प्रस्तुत किया। एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने विद्यार्थियों से अनुशासन, गुरुजनों के सम्मान एवं कठिन परिश्रम के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की कार्यशैली अलग होती है, लेकिन सफलता उसी को मिलती है जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने कहा कि गुण्डरदेही नगर एवं दोनों विद्यालयों के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में घोषित 10 लाख रुपए की लागत से विद्यालय परिसर में मंच एवं शेड का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इनडोर स्टेडियम एवं खेल मैदान का टेंडर भी हो चुका है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को शीघ्र मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क साइकिल, पाठ्यपुस्तक एवं दो जोड़ी स्कूल गणवेश जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से संस्कारवान बनकर उत्कृष्ट परिणाम देने तथा शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवी एवं नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शासन की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना के अंतर्गत पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं सेजेस की दो पात्र छात्राओं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 31 पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।



प्राचार्य केएस. कुल्हारे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी व्याख्याताओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग रहा।

# संयुक्त कलेक्टर पद पर पदोन्नति पर आशुतोष शर्मा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में तहसीलदार के रूप में अपनी सरलता, सहजता, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यशैली से जनसामान्य तथा जनप्रतिनिधियों के बीच विशेष पहचान बनाने वाले आशुतोष शर्मा के संयुक्त कलेक्टर, जिला कबीरधाम पद पर नियुक्त होने पर उन्हें सम्मान किया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा अपने बालोद कार्यकाल के दौरान आशुतोष शर्मा ने एक संवेदनशील, जनहितैषी एवं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। उन्होंने अपने सहज व्यवहार, त्वरित निर्णय क्षमता एवं सकारात्मक कार्यशैली से प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके कार्योंर् एवं व्यवहार की सराहना जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों द्वारा सदैव की जाती रही। इस अवसर पर बालोद जिले में उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक योगदान, समर्पण एवं सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपस्थितजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे संयुक्त कलेक्टर, कबीरधाम के रूप में भी अपनी कार्यकुशलता, अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता के बल पर जनसेवा एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। आशुतोष शर्मा की पदोन्नति एवं नई जिम्मेदारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान बताते हुए कहा गया कि उनका प्रशासनिक जीवन युवा अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री प्रेम साहू, वरिष्ठ नेता लोकेश श्रीवास्तव तथा जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया सहित शुभचिंतकों ने आशुतोष शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात मौसम ने अचानक करवट ली और रात झमाझम बारिश हुई।

बारिश से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत-खलिहान पानी से लबालब हो गए। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है। पिछले लगभग एक पखवाड़े से क्षेत्र के किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धान की बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा था। कई किसानों ने नर्सरी (थरहा) तो तैयार कर ली थी, लेकिन खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रोपाई शुरू नहीं कर पा रहे थे। रातभर हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे अब धान रोपाई का कार्य तेजी से शुरू होने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश खरीफ फसलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यदि आगामी दिनों में भी इसी तरह नियमित वर्षा होती रही तो धान की खेती को पर्याप्त लाभ मिलेगा और अच्छी पैदावार की संभावना बढ़ जाएगी। बारिश के बाद खेतों में हलचल बढ़ गई है और किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं। किसानों को अब उम्मीद है कि मानसून की यह सक्रियता आगे भी बनी रहेगी और खरीफ सीजन बेहतर साबित होगा।

### आईटीआई गुरूर में कोपा ट्रेड की रिक्त सीटों पर 4 जुलाई से द्वितीय चरण का प्रवेश

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के अंतर्गत कोपा व्यवसाय की रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण का प्रवेश 04 जुलाई से प्रारंभ होगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में संचालित कोपा व्यवसाय में प्रथम चरण के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण के उपरांत अब कोपा व्यवसाय में कुल 21 सीटें रिक्त बची हैं, जिन पर द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रवेश लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए निर्धारित समय–सारणी के अनुसार, द्वितीय चरण की मेरिट सूची का प्रकाशन 03 जुलाई को होना संभावित है। मेरिट सूची जारी होने के तत्पश्चात संस्था में द्वितीय चरण हेतु चयनित उम्मीदवारों का प्रवेश 04 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। पात्र उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र ऑनलाइन रजिस्टेशन कापी व अलॉटमेंट लेटर के साथ टी.सी., जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक पासबुक इत्यादि के मूल प्रति व 02 छायाप्रतियों के साथ संस्था में प्रवेश ले सकते हैं।

# विनायकपुर में तीन दिवसीय योग साधना एवं आध्यात्मिक सेमिनार संपन्न





**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विगत दिनों तीन दिवसीय सेमिनार एवं योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांवों सहित विभिन्न जिलों से लगभग 200 लोगों ने भाग लिया।

शिविर के केंद्रीय प्रशिक्षक आचार्य गम्भीरानंद अवधूत ने प्रथम दिवस प्रउत दर्शन के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन भारत के छह प्रमुख दर्शनों की चर्चा करते हुए कार्ल मार्क्स, प्लेटो और अरस्तु के सिद्धांतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों में प्राणी जगत के कल्याण को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं मिलता, जबकि प्रउत दर्शन प्राणी जगत के समग्र विकास का सिद्धांत प्रस्तुत करता है। दूसरे दिन सृष्टि की उत्पत्ति, विकास, रूप एवं रूपातीत जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की गई। वहीं तीसरे दिन विभिन्न योग आसनों के शरीर एवं मन पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही साधना के माध्यम से कुंडलिनी जागरण और सालोक्य से कैवल्य भाव तक की आध्यात्मिक अनुभूतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शिविर के दौरान आचार्य शिवानंद दानी, आचार्य सुष्पितानंद एवं दीदी आनंदप्रभा ने प्रतिदिन योगाभ्यास कराया और विभिन्न शारीरिक समस्याओं के निदान हेतु उपयोगी आसनों की जानकारी दी। वहीं आचार्य सुभद्रानंद द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# रोजगार के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज. बालोद/निकुम



■ एक दशक से पौधरोपण में जुटे दिलीप ठाकुर

कहते है कि मन में दृढ़ संकल्प हो तो हर कार्य मुमकिन है जिसे चरितार्थ करते हुए पर्यावरण बचाने के संकल्प को लेकर दुर्ग जिले के ग्राम निकुम के प्रकृति प्रेमी युवा दिलीप ठाकुर व बाबा धाम निकुम भाटापारा के कई युवा बीते एक दशक से पर्यावरण में हरियाली बिखरने का कार्य कर रहे है। जिसमें जय शक्ति आश्रम संत श्रीमाता जी निकुम के श्रद्धांजलि स्वरूप 25 पेड़ सहित एक पेड़ मां के नाम कुल 111 पेड़ छायादार आम, नीलगिरी, जामुन, शो पीस सहित कई प्रकार के पौधा तालाब में लगाकर किसानों को भी हर खेत में एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। गौर हो दिलीप ठाकुर गांव गांव ई रिक्शा से फेरी लगाकर सामान बेचते है, वही कार्य के बाद रोज पेड़ पौधों के लिए समय निकालकर पेड़ लगाने का संदेश दे रहे हैं। वही इस समिति में सैकड़ों युवा जुड़कर ट्री गार्ड सहित समय दान कर सहयोग कर रहे हैं।

# डौंडीलोहारा नपं में तीन एल्डरमेन मनोनीत, भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ योग्य एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी, नगर विकास को मिलेगी नई गति

राज्य शासन द्वारा नगर पंचायत डौंडीलोहारा में लता गुप्ता, जीवराखन कौमार्य एवं धीरेंद्र टॉक को एल्डरमेन मनोनीत किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का वातावरण है। मनोनयन की घोषणा के बाद नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन के समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक बताया। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख तथा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने योग्य एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर संगठन के प्रति उनके समर्पण का सम्मान किया है। नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त एल्डरमेन नगर पंचायत के विकास, जनकल्याण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाते हुए शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा नगर के विकास को नई गति मिलेगी।



नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, मंडल प्रभारी टीनेश्वर बघेल, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, मंडल महामंत्री सुमेंद्र देशमुख एवं दुष्यंत गिरी गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा एवं सूरजभान देशलहरा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, श्रीमती धनेश्वरी अटल, एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जसराज शर्मा, गेंदमल भंसाली, श्रीमती माया जयेश ठाकुर, आरती संचेती, नगर पंचायत पार्षद श्रीमती ममता यादव, रेवती कोलियारे, सूर्यकला ठाकुर, सुभद्रा टांडेकर, वीर सिंह ठाकुर, शोभा राजपूत, शिवानी भंसाली, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष संदीप भंसाली, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र गायकवाड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूर्णिमा प्रजापति, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भूवन यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष मनोज भंडारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष उत्तम मालेकर, किसान मोर्चा अध्यक्ष हेमंत साहू बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नवनियुक्त एल्डरमेन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**डोंडी।** डोंडी नगर पंचायत में एल्डरमेन के रूप में निलेश जायसवाल, निखिल अग्रवाल एवं संध्या निषाद की नियुक्ति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ,जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडो, महिला मोर्चा अध्यक्ष रत्ना हिरवानी, दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, हिंसा राम साहू, राजेंद्र नाहर एवं पार्टी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका एवं उपाध्यक्ष संजीव मानकर सहित भाजपा मंडल एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया। नवनियुक्त एल्डरमेन निलेश जायसवाल, निखिल अग्रवाल एवं संध्या निषाद ने कहा कि नगरवासियों का विश्वास बनाए रखना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर हित, विकास कार्यों को गति देना तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा।

### ठगी के दो आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन ठगी करने वाले दो युवकों को दुर्ग पुलिस गुजरात से गिरफ्तार कर लाई है। सेक्टर 5 निवासी संजय झा के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप से मैसेज आया था। जो एपीके फाइल थी उसे वाटसअप में भेजा करते थे। उक्त फाइल को डाउनलोड एवं इंस्टॉल करने के बाद मोबाइल पर मिलने वाले ओटीपी और अन्य संदेश स्वतः अन्य नंबर पर फॉरवर्ड होने लगा। इसके कारण पीड़ित के बैंक खाते से 4 लाख 2 हजार 728 रुपए अनधिकृत ऑनलाइन पार हो गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

46 प्रतिशत कवरेज के साथ जिले ने दर्ज की उल्लेखनीय

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में बालोद प्रदेश में तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बेटियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में बालोद जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने 46 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत, जनजागरूकता और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग ने मिलकर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया। जिले के स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिनों, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें में घर–घर संपर्क कर पालकों को जागरूक किया। वहीं विद्यालयों में विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित कर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि बालोद प्रदेश के शीर्ष तीन जिलों में शामिल हो गया। ज्ञातव्य हो कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। 09 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सही समय पर एचपीवी का टीका लगाए जाने से भविष्य में इस गंभीर बीमारी से प्रभावी सुरक्षा मिलती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और अत्यंत प्रभावी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले के जागरूक पालकों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और स्वास्थ्य अमले को दिया है, जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके ने बताया कि 46 प्रतिशत कवरेज हासिल करना जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन अभियान अभी निरंतर जारी है। वर्तमान में माइक्रो प्लानिंग के तहत शेष पात्र बालिकाओं तक पहुंचकर उन्हें भी टीकाकरण से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि बालोद जिला जल्द ही 100 प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त कर भविष्य में इस गंभीर बीमारी से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### लोहा चोरी मामले में युवाओं का विशाल मशाल मार्च

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) में सामने आए कथित 250 टन लौह चोरी प्रकरण को लेकर बुधवार को युवाओं ने मशाल रैली निकालकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अर्जुन रथ से शुरू हुई रैली सिविक सेंटर होते हुए बेरोजगार चौक पहुंची।




